

गंभीर ने टीम इंडिया में इस युवा को जगह नहीं मिलने पर जताई निराशा

टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने लिखा, संजू सैमसन भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज ही नहीं हैं, बल्कि भारत के सर्वश्रेष्ठ युवा बल्लेबाज हैं! बहस के लिए है कोई? उन्होंने संजू सैमसम को टीम इंडिया की प्लेइंग–इलेवन में जगह नहीं मिलने पर निराशा भी जाहिर की। सैमसन ने 19 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की, जो 13वें सीजन का अब तक का सबसे तेज अर्धशतक है। सैमसन से पहले मार्कस स्टॉयनिस ने 20 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

# सचिन तेंडुलकर ने की संजू सैमसन की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने एक बार फिर दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आईपीएल के 13वें सीजन के चौथे मुकाबले में तीन बार की चौंपियन चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ तूफानी फिफ्टी लगाई और 74 रन बनाए। इसके बाद गॉड ऑफ क्रिकेट से मशहूर सचिन तेंडुलकर ने भी उनकी तारीफ की। शारजाह में संजू सैमसन (74) और कप्तान स्टीव स्मिथ (69) की पारियों की बदौलत राजस्थान ने 7 विकेट पर 216 रन बनाए। सैमसन ने 32 गेंदों में 74 रन बनाए जिसमें केवल 1 चौका जबकि 9 ताबड़तोड़ छक्के शामिल रहे। चेन्नै टीम 200 रन बना सकी और 16 रन से मैच हार गई।

सैमसन की तारीफ दिग्गज सचिन तेंडुलकर ने भी की और कहा कि उनके शॉट बेहतरीन थे। सचिन ने ट्वीट करते हुए लिखा, श्सैमसन ने अपनी बल्लेबाजी के दौरान जो भी शॉट लगाए, वे बिल्कुल क्लियर थे। सभी शॉट क्रिकेट के बेहतरीन शॉट थे, कोई स्लॉग (तुक्के) नहीं थे।

# आईपीएल की शुरूआत में ही ये 10 खिलाड़ी हुए चोटिल

## एक से एक है धुरंधर, सभी टीमों ने अभी तक एक–एक मैच भी नहीं खेला

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2020 को शुरू हुए अभी एक सप्ताह नहीं हुआ है। यहां तक कि सभी टीमों ने अभी तक एक–एक मैच भी नहीं खेला है, लेकिन इससे पहले ही अलग–अलग टीमों के करीब एक दर्जन खिलाड़ियों को चोट का सामना करना पड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन में मंगलवार की शाम तक 9 खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। इनमें से कई खिलाड़ी तो ऐसे हैं, जिनकी चोट काफी गंभीर है और उन्हें टूर्नामेंट से भी बाहर होना पड़ सकता है। ऐसे ही खिलाड़ियों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस खिलाड़ी को किस तरह की चोट लगी है और क्या वे अगले मैच में खेल पाएंगे या नहीं?



**1. इशांत शर्मा (दिल्ली कैपिटल्स)** दिल्ली कैपिटल्स को सबसे बड़ा झटका अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के रूप में लगा जो किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच वाले दिन से ठीक एक दिन पहले नेट सेशन के दौरान चोटिल हो गए।

**2. आर अश्विन (दिल्ली कैपिटल्स)** दिल्ली की टीम को दूसरा झटका आर अश्विन के रूप में लगा। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ अश्विन एक ओवर गेंदबाजी की और दो विकेट चटकाए, लेकिन आखिरी गेंद पर वे डाइव लगाते समय चोटिल हो गए।

**3. मिचेल मार्श (सनराइजर्स हैदराबाद)** रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच में हैदराबाद की टीम को मिचेल मार्श के रूप में झटका लगा। मार्श का राइट एंकल मुड़ गया था, जिसकी वजह से वे मैदान से दूर रहे।

**4. राशिद खान (सनराइजर्स हैदराबाद):** हैदराबाद की टीम को इस मैच में दूसरा झटका राशिद खान के रूप में लगा था। रन लेते समय वे अभिषेक शर्मा के साथ भिड़ गए थे।

**5. केन विलियमसन (सनराइजर्स हैदराबाद):** डेविड वार्नर ने मैच शुरू होने से पहले बताया था कि ट्रेनिंग के दौरान पूर्व कप्तान केन विलियमसन कोइंजरी हुई है।

**6. नाथन कुल्टर नाइल (मुंबई इंडियंस):** मुंबई इंडियंस को ऑलराउंडर नाथन कुल्टर नाइल के रूप में झटका लगा है। कुल्टर नाइल को कुछ चोट लगी हैं, जिसकी वजह से वे नहीं खेल पाएंगे।

**7. ईशान किशन (मुंबई इंडियंस):** मुंबई इंडियंस को दूसरा झटका ईशान किशन के रूप में लगा था। ईशान किशन आइपीएल 2020 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस का हिस्सा नहीं थे।

**8. ड्वेन ब्रावो (चेन्नई सुपर किंग्स)** पहले सुरेश रैना और हरभजन सिंह ने आइपीएल से नाम वापस ले लिया था और फिर दो खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाए थे। उसी दौरान ड्वेन ब्रावो भी चोटिल हो गए थे।

**9. अंबाती रायुडू(चेन्नई सुपर किंग्स)** कप्तान एमएस धोनी ने राजस्थान के खिलाफ टॉस के दौरान बताया कि रायुडू 100 फीसदी फिट नहीं हैं।

**10. क्रिस महृरिस(रहृयल चौलेंजर्स बैंगलोर):** आरसीबी को भी एक झटका साउथ अफ्रीकाई ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस के रूप में लगा है।

# संघर्षों से भरी है यशस्वी जायसवाल की कहानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईपीएल में डेब्यू कर चुके हैं। अंडर–19 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी ने उस आईसीसी टूर्नमेंट में 400 से ज्यादा रन बनाए थे। उन्होंने तीन बार की चौंपियन चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ बुधवार को शारजाह में अपना आईपीएल डेब्यू किया। वह हालांकि सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन उनका एक लंबा इंतजार पूरा हो गया।



शारजाह में खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान ने कप्तान स्टीव स्मिथ (69) और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (74) की शानदार पारियों की बदौलत 7 विकेट पर 216 रन बनाए जिसके बाद चेन्नै टीम 6 विकेट पर 200 रन बना सकी और मुकाबला हार गई। यशस्वी हालांकि कुछ खास नहीं कर सके। हालांकि यह तक पहुंचने की उनकी कहानी काफी दिलचस्प है।

**गोलगप्पे तक बेचे:** यशस्वी जायसवाल की कामयाब होती यह कहानी इसलिए भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं क्योंकि छोटी सी उम्र में ही वह एक कड़ा संघर्ष करके यहां तक पहुंचे हैं। क्रिकेट में सफल होने से पहले उनके सामाजिक–आर्थिक हालात बेहत चुनौतीपूर्ण थे। छोटी उम्र में ही वह अपना घर छोड़ मुंबई आ गए। यहां गुजर बसर के लिए उन्होंने गोलगप्पे बेचे।

मैदानकर्मियों के साथ टेंट को अपना आशियाना बनाया। इसके बाद यूपी के भदोही से ताल्लुक रखने वाला यह बल्लेबाज इस साल अक्टूबर में तब चर्चा में आया, जब उसने विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नमेंट के एक मैच में झारखंड के खिलाफ 154 बॉल में 203 रन की तूफानी पारी खेली। यशस्वी जायसवाल टॉस के दौरान मैदान पर थे। उन्होंने हाथ जोड़कर चेन्नै के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को नमस्कार किया।

## अंपायर के फैसला बदलने पर निराश हुए महेंद्र सिंह धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (त्रेंजींद त्वलंसे) के खिलाफ यहां मंगलवार को मैदानी अंपायर द्वारा अपने फैसले को बदलने के कारण निराश हो गए। अंपायर ने बल्लेबाज को आउट देने क बाद तीसरे अंपायर से मदद मांगी जिसमें उनके फैसले को बदल दिया गया। राजस्थान की पारी के 18वें ओवर में टॉम करन को आउट दिए जाने के बावजूद रीव्यू लेने के अंपायरों के फैसले से धोनी खुश नहीं दिखे। दीपक चाहर की गेंद पर विकेटकीपर धोनी द्वारा गेंद पकड़े जाने के बाद मैदानी अंपायर सी शम्सुददीन ने आउट दे दिया। राजस्थान के पास रिव्यू नहीं बचा था और बल्लेबाज पविलियन लौटने लगा। इसके बाद हालांकि लेग अंपायर विनीत कुलकर्णी से बात करने के बाद शम्सुददीन को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने तीसरे अंपायर से मदद मांगी। इसके बाद धोनी निराशा में अंपायर से बात करते देखे गए। टेलीविजन रीप्ले में दिखा की गेंद धोनी के दस्तानों में जाने से पहले टप्पा खा चुकी थी। तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला बदल दिया जिससे धोनी नाखुश दिखे।

## न्यूज डायरी



### जिम्बाब्वे को मिली पाकिस्तान जाने की अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस साल अक्टूबर में विदेशी टीम की मेजबानी का मौका मिलेगा। बड़ी रैंकिंग वाली टीमों के साथ घर पर सीरीज खेलने की चाहत रखने वाली पाकिस्तानी टीम को साल के अंत में जिम्बाब्वे के साथ वनडे और टी20 सीरीज में खेलना है। यह मुकाबले ICC Cricket World Cup Super League के तहत खेले जाएंगे। जिबाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को इस बात की घोषणा की है कि उनकी टीम पाकिस्तान का दौरा करने के लिए तैयार है। टीम को पाकिस्तान में जाकर सीरीज खेलने की अनुमति मिल गई है और वह साल के अंत में यह दौरा करेगी। टीम को पाकिस्तान में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज में खेलना है। वनडे सीरीज के मुकाबले प्ब् ब्तपबामज ॅवतसक ब्नच ैनचमत स्मंहनम तहत खेले जाएंगे। क्रिकेट की सबसे बड़ा संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को जिम्बाब्वे के पाकिस्तान दौरे पर जाने की बात की जानकारी दी।

### लॉकडाउन के दौरान पावर हिटिंग पर किया कामः सैमसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। सैमसन ने मैच के बाद कहा कि उनका गेम प्लान मैदान पर जाकर जमकर शॉट लगाना है। गेंद को हिट करने का इरादा रखना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अपनी फिटनेस, डाइट, ट्रेनिंग और अपनी ताकत पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। क्योंकि मेरी बैटिंग पावर हिटिंग पर बहुत निर्भर करती है। राजस्थान के पास विकेटकीपिंग के कई विकल्प हैं। टीम में रॉबिन उथप्पा और जोस बटलर भी शामिल हैं। सैमसन ने इसे लेकर कहा कि उनसे कप्तान और कोच जो भूमिका को निभाने को कहेंगे वह उसे खुशी–खुशी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई विकेट के पीछे खड़ा होना पसंद करता है और कोई भी व्यक्ति दौड़ना पसंद नहीं करता है, लेकिन यह कोच के ऊपर है। हम प्रशंसकों के चेहरों पर मुस्कान लाकर खुश हैं और हमें उम्मीद है कि हम ऐसा करते रहेंगे।

### धोनी के साथ हुए विवाद के बाद अंपायर पर भड़की साक्षी, बाद में पोस्ट हटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली, जेएनएन। इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को अपना आपा खोते हुए देखा गया। आमतौर पर धौनी काफी शांत रहते हैं लेकिन टॉम कुर्रन को आउट दिए जाने के बाद फैसला थर्ड अंपायर के पास भेजे जाने से वह बहस करते नजर आए। इस बात को लेकर धौनी की पत्नी साक्षी भी काफी नाराज हुई और इंस्टाग्राम पर इस बारे में पोस्ट लिख डाला। हालांकि इन्होंने इसको बाद में डिलीड कर दिया। इस पोस्ट में लिखा था, मैंने पहली बार देखा है कि खिलाड़ी को आउट दिए जाने के बाद फैसले को थर्ड अंपायर के पास भेजा गया। इस तरह से सम्मानित टूर्नामेंट में अंपायर को बेहतर करने की जरूरत है। करोड़ो लोग देख रहे हैं।

### सैमसन की तूफानी पारी के बाद ट्रोलर्स के निशाने पर आए ऋषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व चौंपियन राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 13वें सीजन में जीत से आगाज किया और अपने पहले मुकाबले में दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नै सुपर किंग्स को मात दी। शारजाह में मंगलवार रात खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान ने कप्तान स्टीव स्मिथ (69) और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (74) की शानदार पारियों की बदौलत 7 विकेट पर 216 रन बनाए जिसके बाद चेन्नै टीम 6 विकेट पर 200 रन बना सकी। इस मैच में सैमसन ने 9 छक्के जड़े, जिसके बाद ट्रोलर्स ने टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर ऋषभ पंत को निशाना बना लिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी को उतरे सैमसन ने 32 गेंदों पर 74 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने इस पारी में मात्र 1 चौका लगाया और 9 छक्के जड़े। स्मिथ ने 47 गेंदों पर 4 चौके, 4 छक्के लगाते हुए 69 रन बनाए। स्मिथ और सैमसन ने शतकीय साझेदारी की।